राज्यपाल सचिवालय
राजभवन,जयपुर

राज्यपाल ने मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तों को शपथ दिलाई

जयपुर, 9 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मंगलवार को राजभवन में श्री मोहन लाल लाठर को मुख्य सूचना आयुक्त तथा श्री सुरेश चंद गुप्ता, श्री महेंद्र कुमार पारख और श्री टीकाराम शर्मा को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलाई। इन सभी ने ईश्वर के नाम पर हिन्दी भाषा में शपथ ली।

आरंभ में राज्यपाल श्री मिश्र को मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तो को शपथ दिलाने के लिए आग्रह किया।

राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित समारोह में राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने श्री लाठर को मुख्य सूचना आयुक्त तथा श्री सुरेश चंद गुप्ता, श्री महेंद्र कुमार पारख और श्री टीकाराम शर्मा को राज्य सूचना आयुक्त बनने पर बधाई दी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, राज्य मंत्री मण्डल के सदस्यगण, भारतीय प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारीगण, राज्यपाल सचिव श्रीमती कविता सिंह, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद थे।

———